डीआर भोपाल

भोपाल, बैरागढ़, बीएचएल, गोविंदपुरा, बुदनी, कोलार, बैरसिया | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष,08– 2082 | भोपाल, दिन शुक्रवार,दिनांक 12 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

संतोष वर्मा के खिलाफ आज प्रदर्शन

भोपाल। आईएएस संतोष वर्मा द्वारा बेटियों एवं सेवार अमद टिप्पणियों के विरोध में ब्राह्मण समाज संयुक्त मोर्चा और सामान्य वर्ग के कर्मचारी 12 दिसंबर 2025 को मंत्रालय के गेट नंबर 6 के सामने शंखनाद कार्यक्रम करेंगे। यह आयोजन दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक चलेगा। आंदोलन का उद्देश्य संतोष वर्मा आईएएस से जुड़ी गंभीर समस्याओं और प्रशासन की निष्क्रियता के खिलाफ विरोध दर्ज कराना है।

आज लघु वेतन कर्मचारी संघ का प्रदर्शन

भोपाल। मध्य लघु वेतन कर्मचारी संघ की मासिक बैठक गुरुवार को किसानवाद भवन स्थित बुंदेलि विभाग के दफ्तर में हुई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि 15 सूत्रीय मांगों पर सरकार की चुप्पी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगातार वस्तुपरक आंदोलन के बाजपूर्व समाधान न मिलने पर संघ ने चेतावनी दी कि जल्द ही बेमुद्दत आंदोलन करेंगे। शुक्रवार को प्रदेश के 55 जिलों में सांसद–विधायकों को ज्ञापन दिए जाएंगे।

खजुराहो को कोलकाता, बेंगलुरू, मुंबई से सीधी एयर कनेक्टिविटी मिले रू वीडी शर्मा

भोपाल। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने बड़े शहरों से सीधी एयर कनेक्टिविटी का मामला लोकसभा में उठाया। कहा कि खजुराहो को मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरू से सीधी एयर कनेक्टिविटी मिलनी चाहिए। नि शून्यकाल में मामला उठाते हुए शर्मा ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री से मांग की। कहा, खजुराहो वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और आइकोनिक सिटी है। एयर कनेक्टिविटी के नाम पर केवल मुंबई–खजुराहो–बनारस एकमात्र फ्लाइट है। पेज और दुनिया के पर्यटक बड़ी संख्या में खजुराहो आते हैं। सभी शहरों से कनेक्टिविटी नि मिली तो पर्यटन को लाभ होगा।

एसओपीः रात 12 से सुबह 5 बजे तक लंबी दूरी की पुलिस यात्रा पर रोक

भोपाल। सागर में बीडीडीएस वाहन हादसे के बाद डीजीपी कैलाश मकवाणा ने नई एसओपी जारी कर दी है। इसके तहत रात 12 से सुबह 5 बजे तक पुलिस वाहनों की अनावश्यक लंबी दूरी की यात्रा पर रोक रहेगी। यह निर्देश थाना, आकस्मिक तैनाईयों ड्यूटी, कानूनी अनिवार्यता स्थिति और कोर्ट संबंधी कार्यों को छोड़कर लागू होंगे। अनिवार्यता स्थिति में यात्रा के लिए संबंधित प्राधिकारी से स्वीकृति अनिवार्य होगी और फोन बंद नहीं रखा जाएगा। सागर में 10 दिसंबर की सुबह बीडीडीएस वाहन ट्रक से टकराया था, जिसमें चार पुलिसकर्मियों की मौत हुई और एक आरक्षक समीर भायल होकर एयर एम्बुलेंस से दिल्ली रेफर हुआ।

40 हजार वोटर्स संदिग्ध, तुम मिलान में गड़बड़ी मिलीय 23 को नई लिस्ट

भोपाल। राजधानी के सात विधानसभा क्षेत्रों में एसआईआर के दौरान परिवार मैपिंग में बड़ी गड़बड़ी उजागर हुई है। उम्र मिलान में त्रुटियां मिलने पर करीब 40 हजार वोटर्स को संदिग्ध श्रेणी में रखकर दोबारा जांच शुरू की गई है। 21.25 लाख वोटर्स में से 8.84 लाख ने परिवार से मैपिंग दिखाई थी, पर बीएलओ ऐप पर क्रॉस–वेरिफिकेशन नहीं हुआ

एसआईआर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी

एमपी सहित 6 राज्यों की ,26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाई

घर–घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर 2025 को समाप्त हो गई

विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर दावों, आपत्तियों का निपटारा और विशेष सत्यापन अभियान 7 फरवरी, 2026 तक जारी रहेगा

विपक्ष ने समय सीमा को लेकर उठाए थे सवाल

सवाल उठा रहीं थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था। आयोग का ये आदेश इन तमाम आरोपों के बीच ही आया है

डीआर संवाददाता।। भोपाल

चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश समेत कुल 6 राज्यों में हो रही एसआईआर की प्रक्रिया के लिए समय सीमा को और 14 दिनों के लिए बढ़ा दिया है। आयोग ने पश्चिम बंगाल के लिए इसकी तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया है। आयोग ने एसआईआर की तारीखों को लेकर एक आदेश भी जारी किया है।

चुनाव आयोग पहले ही केरल के लिए तारीख में बदलाव की घोषणा कर चुका है। विपक्षी पार्टियां लगातार चुनाव आयोग पर एसआईआर की समयसीमा को लेकर सवाल उठा रही थी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था।

उत्तर प्रदेश में 26 दिसंबर तक एसआईआर प्रक्रिया की समयसीमा को बढ़ाई नई मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और अंडमान निकोबार में 18 दिसंबर तक ये प्रक्रिया जारी रहेगी। विपक्षी दलों ने आयोग पर अव्यवहारिक समय सीमा लागू करने का आरोप लगाया था।

आयोग का मानना है कि मतदाता सूची को अधिक शुद्धित बनाना जनहितकारी है, इसलिए अतिरिक्त समय देना आवश्यक हो सकता है।

अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को आएगी

चुनाव आयोग की तरफ से जारी संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, पूरे राज्य के अधिकारियों की तरफ से घर–घर जाकर की जाने वाली जनगणना 11 दिसंबर, 2025 को समाप्त हो गई। मसौदा सूची जो गणना 16 दिसंबर, 2025 को प्रकाशित किया जाएगा,

6 राज्यों में SIR की समय सीमा बढ़ाई गई

तमिलनाडु और गुजरात में 14 दिसंबर तक फॉर्म भरे जाएंगे

राहुल को शाह ने दिया था करारा जवाब

एसआईआर को लेकर विपक्ष के आरोपों को लेकर लोकसभा में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने जवाब दिया था। उन्होंने इस दौरान कहा कि 5 नवंबर 2025 को राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोप को तंज कसते हुए गलतबयानी बताया था। शाह ने कहा था कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक गलतबयानी की थी। गलतबयानी बन के अंदर उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक ही घर में 501 वोट पड़े। बाद में चुनाव आयोग ने साफ किया कि पोस हाउस 266 की बात राहुल गांधी कर रहे हैं, वह कोई छोटा मकान नहीं है। उन्होंने स्पष्ट लिखा था कि यह घर एक एकड़ का एसटीपी प्लांट है, जिसमें ब्लॉक परिवार एक साथ निवास कर रहे हैं। सौपे इस परिवार के घर का कारण नंबर नहीं दिया गया है, इसलिए इसी जगह हाउस नंबर 501 दर्ज की है।

आईएएस वर्मा कृषि विभाग के उप सचिव पद से वर्मा को हटाकर कार्यमुक्त

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लिया संज्ञान में

डीआर संवाददाता।। भोपाल

अनुसूचितजाति–जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (अजाक्स) के प्रदेश अध्यक्ष और आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण बेटियों को लेकर की गई अश्लील टिप्पणी मामले पर सीएम डॉ. मोहन यादव ने संज्ञान लिया है। सीएम के निर्देश के परिपालन में राजस्व प्रशासन विभाग (जीएडी) ने गुरुवार देर रात एक्ष्प्शीय कार्यमुक्त करते हुए आदेश भी जारी कर दिए। आदेश में वर्मा को किसान कल्याण तथा कृषि विभाग के उप सचिव के पद से तत्काल प्रभाव से हटा दिया है। उन्हें शासन स्तर से कार्यमुक्त कर दिया गया है।

अब वर्मा को बर्खास्त करने का प्रस्ताव केंद्र शासन को प्रेषित कर रहा है। जीएडी ने कहा है कि वर्मा द्वारा राज्य प्रशासनिक सेवा से भारतीय प्रशासनिक सेवा के लिए पदोन्नति पर्दों और जारी आदेश तैयार कर ली गई है। विभिन्न न्यायालय में आपराधिक प्रकरण भी लंबित है। जारी दस्तावेज के आधार पर सक्षिप्त प्रमाण पत्र प्राप्त करने के आदेश के लिए विभागीय जांच अतिरिक्त भार पर है। वर्तमान प्रकरण में वर्मा द्वारा कारण बताओ सूचना पत्र का प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं है। उनके द्वारा सतत मर्यादा विहीन वक्तव्य जारी किए जा रहे हैं। अतः चार्जशीट जारी करने का निर्णय लिया है।

आईएएस वर्मा की हाईकोर्ट पर विवादित टिप्पणी

इधर, ब्राह्मण बेटियों पर टिप्पणी के बाद संतोष वर्मा ने अब सीधे हाईकोर्ट पर टिप्पणी कर नया विवाद खड़ा कर दिया है। एक सभा में बोलते हुए वर्मा ने कहा कि एससी–एसटी वर्ग के मध्यों को रिलेशन जल्द कोई और नहीं, बल्कि हाईकोर्ट नहीं करने दे रहा है। यही हाईकोर्ट है, जिससे हम बाबा साहेब के संविधान के हिसाब से चलने की मांगते हैं। वर्मा के इस बयान के बाद माहौल और गरमा गया है।

भोपाल सर्दी के सीजन के 41वें दिन गुरुवार को भी भोपाल में ठंड ने तीखा असर दिखाया

मौसम 16 के बाद कोहरा–मावठे के आसार,भोपाल/6.6, शीतलहर के बाद ठंड से पड़ा पाला

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल सर्दी के सीजन के 41वें दिन गुरुवार को भी भोपाल ने ठंड ने तीखा असर दिखाया। शहर का न्यूनतम तापमान 6.6 डिग्री दर्ज हुआ जो सामान्य से 5.4 डिग्री कम था। भोपाल में लगातार दूसरी रात शीतलहर चली और पाला पड़ने जैसी स्थिति रही। प्रदेश में भी शीतलहर जारी है। शहडोल के अनूपपुर में तापमान 3.0 डिग्री तक पहुंचा और लगातार दूसरे दिन पाला पड़ा। इंदौर में न्यूनतम तापमान 4.5 डिग्री रहा।

मौसम विशेषज्ञों के अनुसार 16दिसंबर के बाद कोहरे और मावठे के आसार हैं। अगले तीन दिन तापमान और गिरने की संभावना है।

इसलिए मावठे–कोहरे के आसार

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला ने बताया कि हिमालय पीजन में दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस पहुंच सकते हैं। इससे चलायमान में एक सिस्टम बनेगा। इससे पहाड़ों पर बारिश–बर्फबारी होगी। इसके साथ ही मावठे–कोहरे के आसार होंगे। पाला से न्यूनतम तापमान 4 डिग्री या उससे कम होता है।

ऑलटाइम हाई पर पहुंची चांदी, भोपाल में भाव 192500 रुपए प्रति किलो हुई

डीआर संवाददाता।। भोपाल

अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी की कीमतों ने गुरुवार को नया रिकॉर्ड बना दिया। इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का दाम 62.50 डॉलर प्रति औंस के अपने नए ऑलटाइम हाई पर पहुंच गया। इस तेज उछाल के बाद अब घरेलू बाजारों में भी चांदी का दाम 2 लाख रुपए प्रति किलो के करीब पहुंच गई है।

सराफा व्यापारी संजीव गर्ग (गांधी) ने बताया कि इस उछाल की वजह सिंगल इमर्ज ग्लोबल लेवल पर आए आर्थिक आंकड़े रहे। अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने दिसंबर बैठक में महीनों बाद पहली बार ब्याज दरों में कटौती की, जिससे डॉलर और बॉन्ड यील्ड में कमजोरी आ गई। वहीं दूसरी ओर सस्ते दूसरे औद्योगिक धातुओं में खरीदारी बढ़ी।

जानकारों के अनुसार निवेशकों की नजर सोना और चांदी तीसरे दूसरे सुरक्षित निवेश विकल्पों की तरफ बढ़ी। इसका सीधा फायदा चांदी को मिला। उधारणी मोबाइल को सराफा में गुरुवार को सोना प्रति दस ग्राम नए जीएसटी के 132500 रुपए से ऊपर पर रहा तो वहीं चांदी नए जीएसटी के 192500 रुपए प्रतिकिलो बोली गई।

जबलपुर के हिसाब से चांदी नहीं, जितनी चांदी चाहिए उतनी नहीं मिल पा रही

पास नगर मार्केट स्थित जौहरी आनंद सोनी के अनुसार देशभर में चांदी के दाम तेजी से ऊपर जा रहे हैं और इसके पीछे कई वजहें हैं। चांदी की मांग लगातार बढ़ रही है क्योंकि इसका इस्तेमाल गहनों के अलावा मोबाइल, बैटरी और सोलर पैनल जैसे जरूरी सामान बनाने में होता है,

---

मोहन सरकार के दो वर्ष पूरे होने पर 13 को भोपाल और 14 को इंदौर में होंगे कार्यक्रम

डीआर संवाददाता।। भोपाल

भोपाल। गुरुवार को मोहन सरकार के 2 वर्ष पूरे हो जाएंगे। इस अवसर पर राज्य सरकार 13 दिसंबर को भोपाल में और 14 दिसंबर को इंदौर में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इन कार्यक्रमों के जरिए राज्य सरकार अपनी दो वर्ष की उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी और अन्य कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कर्नाटक और आंध्र प्रदेश स्थानांतरण होने से पहले पत्रकारवार्ता को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बुधवार को दोपहर में आंध्र प्रदेश के सत्य साई जिले के मर्कलेम में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के समापन पर अटल ज्योति संदेश यात्रा के शुभारंभ में शामिल हुए। सीएम ने कहा कि भारत रत्न से सम्मानित अटलजी ने राष्ट्र सेवा के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। वे हिमालय के समान विराट व्यक्तित्व के धनी थे। यह 15 दिवसीय अटल ज्योति संदेश यात्रा राज्य के 20 जिलों तक पहुंचेगी।

खजुराहो को कोलकाता, बेंगलुरू, मुंबई से सीधी एयर कनेक्टिविटी मिले रू वीडी शर्मा भोपाल। खजुराहो सांसद वीडी शर्मा ने खजुराहो को मुंबई, कोलकाता और बेंगलुरू से सीधी एयर कनेक्टिविटी मिलनी चाहिए। नि शून्यकाल में मामला उठाते हुए शर्मा ने केंद्रीय उड्डयन मंत्री से मांग की। कहा, खजुराहो वर्ल्ड हेरिटेज साइट है और आइकोनिक सिटी है। एयर कनेक्टिविटी के नाम पर केवल मुंबई–खजुराहो–बनारस एकमात्र फ्लाइट है। देश और दुनिया के पर्यटक बड़ी संख्या में खजुराहो आते हैं। सभी शहरों से कनेक्टिविटी नि मिली तो पर्यटन को लाभ होगा।

कुशवाहा समाज के भवन पर कब्जे के आरोपी पूर्व अध्यक्ष भगत सिंह को किया गिरफ्तार

डीआर संवाददाता।। भोपाल

फर्जी दस्तावेज बनाकर कुशवाहा समाज के भवन पर कब्जा करने के आरोपी भाजपा किसान मोर्चा के प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भगत सिंह कुशवाहा को धोखाधड़ी, नकली दस्तावेज और जालसाजी के आरोप में टीटी नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि टीटी नगर के अंजनी कॉम्प्लेक्स के पास बने कुशवाहा भवन को हड़पने के लिए आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार किए थे और इन्हीं के आधार पर पिछले 15 साल से भवन पर कब्जा कर ऑफिस और नर्सिंग हॉस्टल चला रहा था। पुलिस ने बताया कि इस मामले में भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल नागपुर के बेटे सीताराम कुशवाहा और मोहन कुशवाहा को भी गिरफ्तार किया गया है। तीनों ने मिलकर समाज की आवंटित भवन को अपनी निजी संपत्ति की तरह पहिया वाहन से बैच शराब पकड़ी

उपयोग किया। जांच में सामने आया कि भवन की जमीन लीज पर थी, जिसे फर्जी कागजों के माध्यम से अपने नाम करने कोशिश की गई। थी

जांच के बाद हुई कार्रवाई

एसीपी अविनाश खालसकर ने बताया कि पार्टी से मिली शिकायत के आधार पर नई 2025 में केस दर्ज हुआ था। जांच यह पाया गया है कि धोखाधड़ी, जालसाजी और सरकारी दस्तावेजों से छेड़छाड़ करने समूह पाया गया। दोषी पाए जाने पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गिरफ्तारियां की हैं। वहीं फर्जी दस्तावेज तैयार करने की पूरी प्रक्रिया और इसमें शामिल अन्य लोगों खोजने में टीम जुटी है। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने पहले एक अध्यक्ष बाबू लाल कुशवाह से किराया मांगा बनवाया था। इसके बाद उसी दस्तावेज के इस्तेमाल भवन को अपने नाम करवा लिया।

संवाद टास्क फोर्स का जल शीघ्र ईजीजेना, पई.यू.एर्ग एशिया यूनिवर्सिटी से मध्यप्रदेश में अध्ययन केन्द्र खोलने के लिये संवाद

प्रदेश में अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा के लिये करें सभी समन्वित प्रयास ,मुख्यमंत्री डॉ. यादव

डीआर संवाददाता।। भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय शिक्षा मध्यप्रदेश में ही उपलब्ध कराई जाए, जिससे उच्च शिक्षा के इच्छुक विद्यार्थियों को विदेश जाकर अध्ययन करने की आवश्यकता कम पड़े और स्थानीय स्तर पर ही अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा गुणवत्ता का अकादमिक वातावरण मिल सके। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गत बुधवार को रवीन्द्रनाथ भवन में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार मध्यप्रदेश को वैश्विक शिक्षा मानचित्र पर नई पहचान दिलाने की दिशा में अब निर्णायक कदम बढ़ा रही है। राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों के मध्यप्रदेश केन्द्रों की स्थापना के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में आदेश शीघ्र ही जारी किए जाएंगे।

अटल बिहारी वाजपेयी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान के अधिकारियों ने बताया कि इस दिशा में तेजी से प्रगति हो रही है। संयुक्त राज्य अमेरिका के दो प्रमुख विश्वविद्यालयों और भारतवर्ष नवमानवीपजल के साथ लाईसेंस की प्रतिष्ठित ऐप नवमानवीपजल से मध्यप्रदेश में अपने अध्ययन केन्द्र स्थापित करने के लिए एडिशियल से संवाद चल रहा है। इन वर्चुल क्लास संस्थानों को उच्च स्तरीय शिक्षा, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में वैश्विक पहचान प्रदान है। शासन स्तर पर इन विश्वविद्यालयों के शीर्ष प्रबंधन से लगातार बातचीत हो रही है, जिससे संभावनाओं को बेहतर तरीके से मूर्त रूप देने में और तेजी लाई जा सके।

राज्य सरकार की मंशा है कि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के अध्ययन केन्द्र खुलने से प्रदेश में उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी। इंजीनियरिंग, एआई, डेटा साइंस, हेल्थ केयर साईंस, मैनेजमेंट और नये–नये उभरते तकनीकी क्षेत्रों में विद्यार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौषकृष्ण पक्ष 08 - 2082 | सीहोर, दिन शुक्रवार,दिनांक12 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलें दी

सीहोर। मछुआ समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कलेक्टर बालगुरु के. ने कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के 11 हितग्राहियों युक्त को आइस बॉक्स मोटरसाइकिलों की चाबियां दीं। यह सुविधा हितग्राहियों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक होगी।

बिना अनुमति नहीं कर सकेंगे लाउड स्पीकर का उपयोग

सीहोर। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालगुरु के. ने आदेश जारी किया है। 5 जनवरी तक लाउडस्पीकर का उपयोग अनुविभागीय दंडाधिकारी की अनुमति के बिना नहीं किया जा सकेगा। आमसभा में लगे लाउडस्पीकर का उपयोग एसडीएम से पूर्व अनुमति प्राप्त कर किया जाएगा।

स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बना रहे कार्ययोजना

सीहोर। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की वरिष्ठ स्पृहा संयुक्त संचालक डॉ. प्रज्ञा तिवारी ने अधिकारियों की बैठक ली थी। इसमें स्वास्थ्य सेवाओं की कार्ययोजना को लेकर चर्चा की थी। वित्तीय प्रावधानों, मानव संसाधन, उपकरणों के आकलन कर कार्ययोजना तैयार करने को कहा गया।

जिला स्तरीय समिति में 25 से अधिक अधिकारी

सीहोर। नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया किया गया है। अध्यक्ष कलेक्टर बालगुरु के. हैं और महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकारी बनाया है। एसपी दीपक कुमार शुक्ला, सहित 25 अधिकारियों को समिति का सदस्य बनाया गया है।

भावांतर योजनाऊ सोयाबीन का मंडल रेट 4207 रुपए

सीहोर। भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए मॉडल रेट नियमित रूप से जारी किया जा रहा है। गुरुवार को मॉडल रेट 4207 रुपए प्रति क्विंटल का जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है।

अनोखा प्रदर्शन | 3 की जगह 5 हजार स्क्वायर फीट करें भूमि अधिग्रहण, लोगों को मिले सर्विस रोड: राजीव

ब्रिज निर्माण की खामियां गिनाते हुए कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन, कुंभी करणी नाटक कर सिस्टम का उड़ाया मखौल

नुक्कड़ नाटक से बताई निर्माणाधीन ओवर ब्रिज की गंभीर लापरवाही, कुंभकर्णी नींद में किए गए पुल निर्माण कार्य की ड्राइंग डिजाइन के विरोध में कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन

डीआर संवाददाता>> सीहोर

सीहोर में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के पास बन रहे ब्रिज में अनियमितताओं, गलत डिजाइन और गंभीर लापरवाही के आरोपों को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने गुरुवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ब्रिज निर्माण में हुई खामियों को उजागर किया और सर्विस रोड की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया।

बार-बार बदली ड्राइंग का आरोप

राजीव गुजराती ने कहा कि ब्रिज कॉर्पोरेशन ने बिना जमीनी सर्वे किए गलत ड्राइंग तैयार की। निर्माण के दौरान बार-बार डिजाइन बदली गई, लेकिन कारण नहीं बताया गया। निजी भूमि अधिग्रहण न होने का दावा गलत निकला, जब 3000 वर्गफीट भूमि अधिग्रहित की जा रही है।

कार्यक्रम में गए अधिग्रहण 5000 वर्गफीट तक बढ़ाने और स्थायी समाधान के तौर पर सर्विस रोड बनाने की मांग की। मौजूदा सेतु विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाते कांग्रेस ने बताया कि दिसंबर 2023 में ब्रिज निर्माण का कार्य आदेश जारी हुआ। जनवरी 2024 से निर्माण शुरू किया गया, उस समय तक निजी भूमि की जरूरत नहीं थी। सितंबर 2023 की ड्राइंग को गुलाबिया ब्रिज कंस्ट्रक्शन कॉर्पोरेशन के मुख्य मार्ग से पहले ही खत्म होना था लेकिन अप्रैल 2024 में अचानक ड्राइंग बदल दी गई। नए प्रस्ताव में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का रास्ता गंदे करने की जानबूझ कर यही गई। कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं दिया गया। मौजूदा निर्माण को लेकर ब्रिज को निजी जमीन की ओर मोड़ दिया गया। दिसंबर 2025 तक यह ब्रिज निजी भूमि के किनारे अधूरा बनता

कांग्रेस की मांग: सर्विस रोड निर्माण और तकनीकी खामियों की जांच

जिला कांग्रेस ने ब्रिज निर्माण में तकनीकी गड़बड़ियों, गलत डिजाइन बदलाव, निजी भूमि अधिग्रहण में अनियमितता की जांच कराने की मांग की है। साथ ही हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी की जनता की सुविधा के लिए सर्विस रोड की तत्काल स्वीकृति करने पर जोर दिया है। सड़क खत्म होने की स्थिति में पहुंच गया।

परेशानियां, रास्ता बंद, की घटनाएं, कोई सुनवाई नहीं

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के निवासियों ने विपक्ष और प्रशासन दोनों को बताया कि उनका मुख्य पहुंच मार्ग पूरी तरह बंद हो गया। बारिश में गिरने और फिसलने की घटनाएं हुईं। न कोई वैकल्पिक रास्ता दिया गया, न समस्या का समाधान। कई बार धरना, विरोध और शिकायतें करने के बाद भी अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौन रहे।

आसामाजिक तत्वों ने स्कूल के दस्तावेज व दो कंप्यूटर को किया नष्ट

डीआर संवाददाता>> जावर

मेहरबाबा मे टैगोर माध्यमिक विद्यालय पिछले 30 वर्षों से जैन धर्मशाला में संचालित होता आ रहा है रात्रि में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जिस कमरे में स्कूल के आवश्यक दस्तावेज रखे थे, उसका दरवाजा तोड़कर रजिस्टर रसीद बुकरजिस्टर, बैंकबुक, रिजल्ट शीट, छात्रों के समस्त दस्तावेज फाड़कर पूरी तरह नष्ट कर दिए।

इसी के साथ ही दो कंप्यूटर को भी पूरी तरह से तोड़कर नष्ट कर दिया। बच्चों की शिक्षा को भी नष्ट कर दिया गया। दिगंबर जैन धर्मशाला में शादी का कार्यक्रम चल रहा था एसी रात मंदिर प्रांगण से स्कूल का ऑफिस है। ऑफिस के सामने शादी की रसोई बन रही थी।

धर्मशाला में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। इस समय कुछ शरारती तत्व ने धर्मशाला के सामने रसोई घर के पास बना स्कूल ऑफिस को निशाना बनाया और तोड़फोड़ कर स्कूल को भारी क्षति पहुंचाई। स्कूल संचालक सुनील भावसार ने दूसरे दिन जावर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी ने आपसी रंजिश के चलते यह कृत्य किया। सुनील भावसार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसी छोटे से स्कूल से उनका घर का पालन पोषण चल रहा था। इस तरह के तत्वों पर अंकुश नहीं लगाया तो कल से मंदिर को भी क्षति पहुंचाई जा सकती है। ऐसे सामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना जरूरी है पुलिस प्रशासन से सख्त

आष्टा को स्वच्छ बनाने छात्रों ने ली शपथ

डीआर संवाददाता>> आष्टा

आष्टा बीन फील्ड कॉलेज परिसर में स्वच्छता तथा कार्यक्रम हुआ। आयोजन एनिक रेस मैनेजमेंट कंसलटेंट प्राइवेट लिमिटेड उज्जैन ने किया। इसमें स्थानीय छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि इंदौर स्वच्छता में देश का सिरमौर है। आष्टा को भी स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर स्थान दिलाने के लिए प्रेरणा लेनी चाहिए। इसके लिए छात्रों ने शुभ्रता चलाई है।

कचरा हमेशा कचरा वाली में डालें। घर पर ही कचरे को गीला सूखा अलग करें। गीला, सूखा, सेनेटरी वेस्ट और घरेलू हानिकारक कचरा अलग-अलग रखें। सभी छात्र-छात्राओं और स्कूल स्टाफ ने स्वच्छता की शपथ ली। कार्यक्रम में सूखा वेस्ट के प्रतिनिधि रामकुमार अकेला, डोर टू डोर कचरा वाहन संचालक विनय सिंह, स्कूल अध्यक्षक राजेश गौतम, प्रिंसिपल नवीन गौतम, मैनेजमेंट हेड पूजा शर्मा मौजूद रहे।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार से कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात भाजपा की तानाशाही का महापुरुषों के विचारों से मुकाबला करेंगे

डीआर संवाददाता>> भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारिणी सदस्य तथा पूर्व जिला सर्विस अध्यक्ष केलाश पटेल ने भेंट कर सौजन्य भेंटवार्ता में राजनीति के अवमूल्यन तथा सत्तारूढ़ भाजपा द्वारा की जा रही लोकतंत्र विरोधी गतिविधियों पर गंभीर से चर्चा की।

पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष पटवार ने जन सरोकार से जुड़े मुद्दे विधानसभा में मुखरता से उठाने पर नेता प्रतिपक्ष को साधुवाद देते हुए कहा कि कांग्रेस की कार्यनीति भारत के सांस्कृतिक गौरव, इतिहास के सबक और लोक परम्पराओं पर आधारित है। हमारे आदि मनीषियों और महापुरुषों के सत्य तो स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान आम आदमी की जरूरतों और उसकी भौतिक और मानसिक स्थिति के अनुरूप ही इस देश को संवैधानिक व्यवस्था दी है। जिसे नष्ट करने का प्रयास भाजपा द्वारा किया जा रहा है। उमंग सिंगार से चर्चा के दौरान केलाश पटवार ने आष्टा विधानसभा और भोपाल विधिवत तथा देवास संसदीय क्षेत्र की राजनीतिक और प्रशासनिक स्थिति पर भी महत्वपूर्ण चर्चा की। इस अवसर पर केलाश पटवार ने उमंग सिंगार को जीवनकार्य विद्यासागर जी महाराज का साहित्य भेंट करते हुए कहा कि हमारी कांग्रेस की नीतियों पर महापुरुषों के कृतित्व और विचारों का गहरा प्रभाव रहा है। आचार्य श्री की सोच और प्रेरणा का असर सामाजिक कल्याण, जीवन शैली में आत्मनिर्भरता, स्वास्थ्य, सेवा-भाव और लघु उद्योगों जैसे स्वावलंबन, ग्राम-समुदाय में जागरूकता सशक्तीकरण जैसे विषयों पर दिखता है। उनके उपदेशों, प्रेरणाओं और सामाजिक प्रेरक कार्यों से स्पष्ट है कि वे स्वावलंबन, शोषण मुक्त जीवन कल्याण और स्थानीय समुदाय में विकास की प्रेरणा देते थे। शिक्षा स्वास्थ्य-रोजगार सेवा के काम भी उनकी प्रेरणा से हुए हैं।

कलेक्टर ने अभियान के तहत 11 हितग्राहियों को प्रदान कीं आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियां

डीआर संवाददाता>> सीहोर

धरती आबा अभियान के अंतर्गत मछुआ समुदाय के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण के लिए कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने कोलार क्षेत्र की जनजातीय मछुआ सहकारी समिति के 11 हितग्राहियों को आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की चाबियां प्रदान कीं। यह सुविधा हितग्राहियों के आर्थिक सशक्तिकरण में सहायक होगी।

कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने कहा कि शासन एवं जिला प्रशासन जनजातीय समुदाय को आत्मनिर्भर बनाने तथा पारंपरिक आजीविका को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि धरती आबा अभियान का उद्देश्य जनजातीय परिवारों का सर्वांगीण विकास है।

हम आइस बॉक्स युक्त मोटरसाइकिलों की मदद से मछुआरों को ताजी मछलियों को सुरक्षित रखने, परिवहन करने और दूरस्थ क्षेत्रों तक आसानी से पहुंचाने में बड़ी सुविधा मिलेगी। इसकी सहायता से मछलियों को लंबे समय तक ताजा रखा जा सकेगा, जिससे विक्रय की संभावनाएं बढ़ेंगी और उनकी आय में भी सीधा लाभ मिलेगा। शासन की यह पहल न केवल मछुआरों की कार्यक्षमता को बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास में भी एक प्रभावी कदम सिद्ध होगी। मत्स्य विभाग के सहायक संचालक श्री प्रशांत सर्वे सहित अन्य अधिकारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

सांसद-विधायक निधि के विकास कार्यों को समय पर पूरा करायें - कलेक्टर

डीआर संवाददाता>> सीहोर

कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय बैठक में सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण एवं विकास कार्यों की जनवरदार तथा नगरीय निकायवार विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित स्वीकृत सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाये। कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने स्पष्ट कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत कार्य जनता की सुविधा एवं जनहित से सीधे जुड़े होते हैं, इसलिए इन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। उन्होंने ऐसे सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने पर भी जोर दिया, जिनकी स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि जो कार्य प्रगतिरत हैं उन्हें समय पर पूर्ण करने का प्रयास करें। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कार्यवार प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की तथा समय सीमा में कार्य पूर्ण करने को दिशायत दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए समन्वय और निगरानी के साथ कार्य करें। कलेक्टर श्री बालगुरु के. ने कहा कि आमजन को जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिये परेशानी न हो इसके लिये सभी पंचायत सचिवों को ताकीद किया जाये। बैठक में जिला योजना अधिकारी श्री संजय लकवेरार एवं सभी सीईओ और सीएमओ उपस्थित थे।

लोक अदालत | नेशनल लोक अदालत में रखे जाएंगे 16,250 प्री-लिटिगेशन प्रकरण

जनता के लिए 13 को आयोजित होगी लोक अदालत, 21 खंडपीठें की गठित

डीआर संवाददाता>> सीहोर

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र आर्य के निर्देशानुसार 13 दिसंबर को सीहोर जिला न्यायालय परिसर, जिले के सभी तहसील न्यायालयों एवं सभी खंडपीठों पर नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

डीएलएसए सचिव स्वप्नजी सिंह ने बताया कि इस नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में लंबित आपराधिक शमनीय प्रकरण, धारा 138 परक्राम्य लिखित अधिनियम, चेक प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बंधी व अन्य सिविल प्रकरण सहित लगभग 1500 राजीनामा योग्य प्रकरण रखे गये हैं। विद्युत अधिनियम, बैंक रिकवरी, जबलपुर एवं बैलहरूपुर विभाग से संबंधित लगभग 16,250 प्री लिटिगेशन प्रकरण रखे गए हैं।

नेशनल लोक अदालत के लिए 21 खंडपीठें गठित

नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निपटारण के लिए सीहोर में 08, आष्टा में 04, पेरुवा में 04 बुदनी में 03, इछावर में 01 और उपरोक्त जोन में 01, इस प्रकार कुल 21 खण्डपीठों का गठन किया गया है।

विद्युत, बैंक व पलकर के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में भारी छूट शासन के उपर्युक्त विभाग द्वारा विद्युत अधिनियम से संबंधित न्यायालय में लंबित व प्रीलिटिगेशन प्रकरणों एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा

जारी निर्देशानुसार जबलपुर एवं संपत्ति कर अधिभार से नेशनल लोक अदालत के संबंध में विशेष छूट के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही बैंक के प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में भी नियमानुसार छूट प्रदान की जायेगी।

लोक अदालत का लाभउठाने की अपील

नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य द्वारा प्रेसवार्ता आयोजित की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश प्रकाश चंद्र आर्य एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव स्वप्नजी सिंह द्वारा आमजन से यह अपील की गई है कि वे नेशनल लोक अदालत में अपने प्रकरणों का निपटारण समझौता एवं सहमति के आधार पर कराएं और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाएं।

जनपद शिक्षा केन्द्र की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित

डीआर संवाददाता>> सीहोर

जनपद शिक्षा केंद्र के सभागार में बुधवार को नगर नाहर एवं विकासखंड स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बीआरसीसी सुभाष चंद्र दुबे एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनसिंह नेटी ने की।

बैठक में जन शिक्षकों से शैक्षिक व प्रशासनिक गतिविधियों पर विस्तार से जानकारी लेते हुए अकादमी रूपरेखा बनाई गई। इस दौरान सामग्री वितरण, मध्यान्ह भोजन, नामांकन, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शैक्षिक गुणवत्ता योजना व उसका क्रियान्वयन, एफएलएन मिशन अंकुर, मेंटरिंग, मासिक आकलन, वाइल्ड ट्रैकिंग, सहित लगभग बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। बीआरसीसी श्री दुबे ने निर्देश दिए की सभी जनशिक्षकों को आवश्यक बिंदुओं पर निर्देश दिए तथा सभी जनशिक्षकों व बीएसी को अकादमिक बिंदुओं पर जानकारी दी। बैठक में बीएसी शैलेन्द्र ठाकुर ने शासन की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली। मिशन अंकुर

समन्वयक संजय शर्मा द्वारा राज्य द्वारा निर्धारित निपुण लक्ष्यों पर चर्चा की।

मासिक आकलन फॉर्मेट के सत्यापित करने पर जानकारी दी वीपीएफ मीटिंग में मुख्य रूप बीएससी शैलेंद्र सिंह ठाकुर घनश्याम वर्मा, मनोज राजौरा, नरेंद्र सिंह सिसोदिया, अशोक कुमा मालवीय, अनिल कुमा कलमोदिया, शीला शर्मा एवं समस्त जन शिक्षक सभी उपस्थित रहे।

डीआर सीहोर

आष्टा, इछावर, भैरूंदा, श्यामपुर, बुदनी, कोठरी, अमलाहा, दोराहा, अहमदपुर, जावर | पौषकृष्ण पक्ष 08 - 2082 | सीहोर, दिन शुक्रवार,दिनांक 12 दिसम्बर 2025

न्यूज गैलरी

689 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

सीहोर। प्रधानमंत्री सूर्यशिखा गहुपद अभियान के तहत जिले की गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान प्रसव पूर्व देखभाल के लिये प्रत्येक माह की 9 एवं 25 तारीख को जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर देखभाल एवं स्वास्थ्य सेवाओं का निशुल्क लाभ प्रदान किया जा रहा है, ताकि गर्भावस्था और प्रसव के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। अभियान के तहत 09 दिसंबर को जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर 689 गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई, जिसमें 122 गर्भवती महिलाएं हाई रिस्क पाई गईं। सीएमएचओ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को निशुल्क जीवन, दवाएं, एवं परामर्श दिया जा रहा है। अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं विशेष देखभाल की व्यवस्था की जा रही है। इसके तहत प्रसव के समय जटिल अवस्था में सघन चिकित्सा केन्द्रों में रेफर किया जाता है।

14 दिसंबर से भागवत कथा, कलश यात्रा भी निकलेगी, भूमिपूजन किया

सीहोर। गुरुवार सुबह शिव शक्ति सांस्कृतिक मंडल के आचार्य गणेश शर्मा और संयोजक प्रवीर लाल वर्मा के द्वारा सिंधी कॉलोनी मैदान पर 14 दिसंबर से शुरू होने वाली सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के लिए भूमिपूजन किया गया। शिव शक्ति सांस्कृतिक महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति सोनी ने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा को लेकर मंडल के द्वारा जोर शोर से तैयारी की जा रही है। शहर के प्रमुख मोहल्लों, कॉलोनी में पहुंचकर श्रद्धालुओं को आज हल्दी गेट कर श्रीमद् भागवत कथा का आमंत्रण किया जा रहा है। श्रीमद् भागवत कथा वाचक प्रज्ञा विष्णु प्रिया के द्वारा श्रद्धालुओं को 7 दिनों तक दोपहर एक बजे से शाम 5 बजे तक कथा का श्रवण कराया जाएगा। कथा पंडाल में महिला श्रद्धालुओं के बैठने की विशेष व्यवस्था की जाएगी और हर दिन भजन कीर्तन के कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार 14 दिसंबर को मनकामेश्वर महादेव मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। शहर के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा सिंधी कॉलोनी मैदान पर पहुंचेगी।

नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर ने की जिला स्तरीय समिति गठित

सीहोर। शासन द्वारा बालिकाओं और महिलाओं की उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान और उनके समग्र सशक्तिकरण के लिए नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किया गया है। यह चुनौती लीड डेवेलपमेंट आधारित नारी सशक्तिकरण मिशन महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षण और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सक्रिय भागीदारी तथा संसाधनों, अधिकारों और अवसरों तक समान पहुँच सुनिश्चित करने पर केंद्रित है।

कलेक्टर श्री बालाबुख के द्वारा नारी सशक्तिकरण मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया किया गया है। यह समिति महिला एवं बालिका हितैषी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन कार्ययोजना बनाएगी और मिशन की प्रगति की सतत

जांचधीमी | कलेक्टर ने आदेश जारी कर अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाने के राजस्व अधिकारियों को दिए हैं निर्देश

कलेक्टर ने आदेश जारी कर अवैध कॉलोनियों के निर्माण पर रोक लगाने के राजस्व अधिकारियों को दिए हैं निर्देश

डीआर संवाददाता» इछावर

कॉलोनाइजर्स सुविधाओं का लालच दिखाकर कर रहे ग्राहकों से ठगी, बिना नामांतरण और डायवर्सन के खेत में चूना डालकर काट दिए प्लॉट

नगर में इस समय कॉलोनाइजर्स के हौसले काफी बुलंद हैं, वह खेतों की जमीन पर धड़ल्ले से अवैध कालोनी काट रहे है। इतना ही बिना डायवर्सन व नामांतरण के अपनी मनमानी प्लॉटिंग कर सुविधाओं का लालच देकर ग्राहकों से ठगी कर रहे हैं। ऐसा ही एक ताजा मामला नगर में देखने को मिल रहा है, जिसमें कालोनाइजर स्टेट हाइवे के किनारे बिजली कार्यालय के बगल में तहसील कार्यालय से उंद गेहर की दूरी पर दो खेत में प्लॉट काट रहा। बताया जा रहा है कि उक्त जमीन का नामांतरण हुआ है और न ही डायवर्जन कराया गया है। वह तक की शासन से किसी भी प्रकार की अनुमति भी नहीं ली गई है। जबकि शासन ने जिला कलेक्टर द्वारा आदेश जारी कर अवैध कालोनियों के निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश

शासन अमले को दिये है। लेकिन इसके बावजूद अभी तक अधिकारियों ने इस कालोनाइजर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है।

नगर सहित आस-पास क्षेत्र में कालोनाइजर पिछले कुछ समय से काफी सक्रीय बने हुए हैं। यह बड़ी संख्या में कृषि भूमि सहित जल भूखंडों पर अवैधीय कॉलोनियों का निर्माण कर लाभान्ध के लिए भूखंडों का विक्रय कर रहे है। जबकि उक्त कॉलोनियों का निर्माण बिना मानकों के किया जा रहा है। इनमें

इछावर। बिजली विभाग के बगल में ही कॉलोनाइजर ने इस तरह बिना परमिशन के कालोनी काट दी गई है

कृषि भूमि का नामांतरण कराया और न ही डायवर्जन किराड़ी बेच रहे है प्लॉट

ताजा मामला इस समय बगर के बीच स्टेट हाइवे के किनारे बिजली विभाग कार्यालय के बगल में और तहसील कार्यालय से बंद मीटर की दूरी पर इस खेत में काटी जा रही एक कालोनी का है। कॉलोनाइजर्स द्वारा यहां कृषि भूमि खरीद कर लाभान्ध की बिना किसी अनुमति के अपनी मनमानी से ग्राहकों को सुविधाओं का लालच देकर तगड़ी कमाई कर रहा है। कॉलोनाइजर्स ने खेत में ही प्लॉट काट दिए हैं। बताया जा रहा है कि इन जमीन का नामांतरण

नहीं हुआ है। और न ही डायवर्सन बनवाया गया। यहां तक की लाखों से मिली भी प्रशासन की अनुमति भी नहीं ली गई है। जबकि खेत में इतना ठाठदार प्लॉट काट दिए गए हैं। खरीदियों के लिए मुलभूत सुविधाओं का अभाव है। ऐसे में उपभोक्ताओं को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर सड़क, सीवेज, पेयजलपूर्ति सहित अन्य सुविधाएं नहीं होने के कारण खरीदियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं गंदगी और सीवेज की समस्या से भी जूझना पड़ता है। इन दिनों कॉलोनाइजर्स ने नगर को अवैधनगर

इछावर। कॉलोनाइजर ने इस तरह चूना एवं रोड डालकर बिना परमिशन के कालोनी काट दी गई है

पहले संख्या में कृषि भूमि खरीद कर बिना कालोनियों का निर्माण किया जा रहा है। वह बिना नामांतरण, डाईवर्जन कराए चूना डालकर ग्राहकों को गुमराह कर प्लॉट महंगे दामों में बेच रहे है।

जांच कर की जाएगी कार्रवाई

यह जानकारी आवेदक द्वारा संज्ञान में लाया गया है मैं तहसील पटवारी को भेज कर जांच करा रही हूं।

रुक्मी सिंह, एसडीएम इछावर

वीआईटी ने सरकार को दिया 49 पन्नों का जवाब..

डीआर संवाददाता» सीहोर।

सीहोर। राज्य सरकार द्वारा जारी शो-कॉज नोटिस के जवाब में वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने 49 पन्नों का जवाब भेजकर सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। विश्वविद्यालय ने अपने जवाब में कहा है कि आरोप भ्रमजनक, तथ्यहीन और गलत जानकारी पर आधारित हैं। वहीं छात्र विरोध-प्रदर्शन फर्जी खबरों और सोशल मीडिया की अफवाहों से प्रेरित था, जिसके कारण कैंपस में हिंसा और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं।

वीआईटी प्रबंधन ने अपने जवाब में सफाई दी कि 8 बॉयज और 2 गर्ल्स हॉस्टल के लिए भोजन व्यवस्था इंदौर, गोवहाटी और चेन्नई के प्रतिष्ठित कंटरर्स द्वारा की जाती है। भोजन मेनू मासिक

आधार पर स्टूडेंट फूड कमेटी तय करती है और छात्र फीडबैक पर तुरंत एक्शन लिया जाता है। पानी की गुणवत्ता की नियमित जांच आईएसओ 10500 मानकों के अनुसार होती है। कैंपस में पानी के ओजोनाइजर, रीवर्स ऑस्मोसिस और अल्ट्रा सॉफ्टनर लगाए गए हैं।

रैगिंग लेकर प्रबंधन ने घोषणा की है कि जल्द ही कैंपस में सख्त और सीटर टेस्टिंग लैब स्थापित की जाएगी, जिसके परिणाम विश्वविद्यालय पोर्टल पर सार्वजनिक किए जाएंगे।

पीड़िता के मामले पर स्पष्टीकरण में यूनिवर्सिटी ने दावा किया कि कुल 17,121 छात्रों में से केवल 35 विद्यार्थियों ने ही पीड़िता के लक्षण पाए गए। उन्हें तुरंत मेडिकल सहायता दी गई। कैंपस में 8-बेड की मेडिकल सुविधा, 4 डॉक्टर और 6 नर्सें 24 घंटे उपलब्ध रहती हैं। गंभीर मामलों को शिवपुरी अस्पताल और अन्य मान्यता प्राप्त अस्पतालों में रेफर किया जाता है। छात्रों की मेडिकल रिपोर्ट न दिए जाने के आरोप को तथ्यहीन बताते हुए कहा गया कि यह रिकॉर्ड पहले ही संबंधित समिति को सौंपा जा चुका है।

सीहोर की टीम ने लगातार तीन मैच जीतकर किया फाइनल में प्रवेश

डीआर संवाददाता» सीहोर।

जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सीहोर की डीसीए टीम ने लगातार जीत कर क्रम जारी रखते हुए कांटे के मुकाबले में मेघ को अंतिम ओवर में पहली गेंद पर विकेट रन हासिल कर विदिशा टीम को उसके मैदान पर हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में स्थान पक्का किया है, शनिवार को सीहोर टीम राजगढ़ से फाइनल में खेलेगी। इस मैच में सीहोर के रोपवाल स्टेडियम लालगी ने चार विकेट, हार्दिक वर्मा ने दो विकेट के अलावा टीम के प्रतिभाशाली बल्लेबाज निर्मल ने 72 रन की शानदार पारी खेली। टीम के लगातार उच्च प्रदर्शन पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, सचिव अतुल तिवारी, चीफ वर्मा, कोच अमन दुबाने आदि ने बधाई दी है।

गुरुवार को पहले बल्लेबाजी करने उतरी विदिशा टीम ने 46 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 162 रन बनाए थे, इसमें जय रघुवंशी ने 74 रन, हर्षित शर्मा ने 47 रन, देव रघुवंशी ने 13 रन की पारी खेली। वही सीहोर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सक्षम लालगी ने चार विकेट, हार्दिक वर्मा ने दो विकेट, उत्कर्ष-नवनीत ने एक-एक विकेट हासिल किए।

विदिशा टीम ने सीहोर के गेंदबाजी पर शानदार प्रदर्शन किया।

सीहोर के गेंदबाजों ने विदिशा टीम को बड़े स्कोर तक नहीं पहुंचने दिया। सीहोर की गेंदबाजी लगातार रही। अंतिम ओवर तक पहुंचा मुकाबला जीतीय के मौजिया प्रसारी बिहारु बीहिल ने बताया कि गुरुवार को खेला गया मैच काफी रोमांचक रहा। सीहोर टीम ने मेघ के अंतिम ओवर की पहली गेंद पर लक्ष्य हासिल करते हुए एक विकेट से मैच जीता। इस मैच में डीसीए सीहोर की ओर से निर्मल ने 72 रन, विनय मिश्रा ने 15 रन, अंश गाग ने 22 रन, हाफकल, देवेन्द्र और नवनीत ने 12-12 रन की पारी खेली।

कुशवाहा समाज ने विधायक कैलाश कुशवाहा को मिली जानलेवा धमकी को लेकर सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

डीआर संवाददाता» आष्टा

प्रांतीय कुशवाहा समाज मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष एवं पोहरी विधायक श्री कैलाश कुशवाहा को 07 दिसंबर 2025 की रात्रि को अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से प्रभात उपाध्याय एवं रवि राजा द्वारा जान से मारने की धमकी देने तथा अपशब्दों का प्रयोग करने की घटना पर प्रदेशभर के कुशवाहा समाज में गहरा रोष व्याप्त है।

नगर। सिहोर जिला अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद नरेंद्र कुशवाहा के नेतृत्व में तहसीलदार श्री राम पगारे को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन का वाचन जिला अध्यक्ष ने किया। समाज ने कहा कि संबंधित अपराधिक कृत्य के बावजूद आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं, जबकि

पूर्व में भी सोशल मीडिया पर धमकियां दी जा चुकी हैं। कुशवाहा समाज ने चेतावनी दी कि यदि जीरो, सख्त एवं निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की गई तो समाज को प्रदेशभर में आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

नेशनल लोक अदालत में कर एवं प्रभार वसूली के लिये सभी नगरीय

डीआर संवाददाता» आष्टा

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 13 दिसम्बर-2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में सभी नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं को कर एवं प्रभार वसूली के लिए निर्देश दिये गये हैं।

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास श्री संकेत भोंडवे ने सभी नगरीय निकायों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि लोक अदालत में अधिकतम मामलों का निपटारा

सुनिश्चित किया जाये। अदालतों को बकाया कर, जल प्रभार एवं जल उपभोग प्रभार जमा करने के लिये प्रोत्साहित किया जाये। विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम-1961 तथा मध्य प्रदेश नगर निगम अधिनियम-1956 के प्रावधानों के तहत देय करों एवं प्रभारों पर निर्धारित शास्ती तक ब्याज एवं अवैधकर (पेनाल्टी) में छूट प्रदान की जा सकेगी। नेशनल लोक अदालत के दौरान कर एवं प्रभार वसूली को सुगम बनाने के लिए ई-नगर पालिका पोर्टल के माध्यम से भुगतान की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नागरिकों को नेशनल लोक अदालत के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिये गये हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जलाशयों के जल स्तर को देखते हुए काहिरी डेम का औचक निरीक्षण

डीआर संवाददाता» सीहोर

शहरवासियों को पेयजल के लिए परेशानी न हो इसके लिए पानी चोरी को रोकने का प्रयास सीहोर। इस वर्ष कम बारिश को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने आगामी दिनों में जल संकट से उभरने के लिए रणनीति पर अमल करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को नगपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने जिला मुख्यालय के समीपस्थ काहिरी डेम का औचक निरीक्षण किया और इस दौरान उन्होंने वहां पर तैनात नगपालिकाकर्मियों को विशेषकर

दी कि पानी चोरी रोकने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए, शहरवासियों को आगामी दिनों में पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़े इसके इंतजाम किए जा रहे है।

गुरुवार को अचानक पहुंचे काहिरी डेम का निरीक्षण किया। इस दौरे पर तैनात कर्मचारियों को पानी की चोरी आदि को रोकने का विशेष हालात किया जाएगा। इसको लिए उन्होंने अमले को निर्देश दिए है कि टीम द्वारा डेम के पानी का मिसयुज नहीं हो। वर्तमान में काहिरी डेम में कंपनी में 464.77 मीटर पानी है, पिछले वर्ष 11 दिसंबर 2024 को 464.50 मीटर पर्याप्त किया गया था, पानी का मिसयुज नहीं हो इसके लिए समय-समय पर नगर पालिका के द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है।

वहीं नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर ने पानी की बचत करने और पर्याप्त बहाव रोकने की भी सलाह दी, अल्प बारिश के कारण जलाशयों का जल स्तर गिरता जा रहा है। पानी की समस्या का निदान करने के लिए और नियमित रूप से शहरवासियों को पानी की सप्लाई होती रहे इसके लिए नगपाध्यक्ष राठौर की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे

धार्मिक | मा सरस्वती के वरद पुत्र मिठ्ठूपुरा सरकार के श्री मुखखारबिन्द

अधर्म को होते देखते रहोगे, तो एक दिन तुम्हारा पतन होना निश्चित है: मिठ्ठुपुरा सरकार

डीआर संवाददाता» सीहोर

हमेशा धर्म के साथ रहो। अधर्म का विरोध करो। अधर्म होते देखते रहोगे, तो एक दिन तुम्हारा पतन निश्चित है। अन्याय को मूल बनाकर जो चलाये जाते हैं। भीष्म हो, द्रोण हो, करण हो, सब मारे जाते हैं। उपरोक्त बहुत ही सार गर्भित प्रवचन अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा दशहरा मैदान पर आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस मालवा माटी के संत श्री मिठ्ठुपुरा सरकार व्यक्त किए गए। विधायक मित्र मंडल द्वारा गुरुदेव का शाल श्रीफल व पगड़ी पहना कर स्वागत

किया। विधायक ने 5100 रुपे नगद दान राशि रसीदी को प्रदान की गई। अपने कथा में गुरुदेव द्वारा महाभारत के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से बताया कि महान धर्मात्मा पितामह भीष्म के सामने महारानी द्रौपदी का अपमान होता रहा। दुशासन द्रोपदी की साड़ी खींचता रहा। और समर्थ होने के बाद भी पितामह भीष्म ने अन्याय का विरोध नहीं किया। देखते रहे, इस कारण भीष्म को 56 दिन तक बाणो की शैय्या पर लेटना पड़ा। और जटायु ने सीता माता की रक्षा 15400करने के लिए रावण जैसे बलशाली से युद्ध किया। गुरुदेव ने बताया कि भगवान की कृपा से यह मनुष्य शरीर मिला है। तो इसके धर्म और परोपकार के काम में लगायें। पवित्र सरिस धर्म नहीं भाई। पर पीड़ा सम नहीं अधमाई। मानव सेवा ही माधव सेवा है। गौ सेवा ही गोविंद सेवा है। इसके अलावा श्रीमद् भागवत की अनेक कथाओं का बड़े विस्तार से वर्णन किया। गुरुदेव द्वारा गाए हुए मधुर भजनों पर सभी श्रोतों द्वारा भक्ति विभोर कर नृत्य किया प्रस्तुत बहादुर सिंह शिंदे की ओर से वितरण किया गया। संगीतकार जगदीश प्रजापति द्वारा गए मधुर भजनों पर विधायक जी

मा सरस्वती के वरद पुत्र मिठ्ठुपुरा सरकार के श्री मुखारबिन्द

सभी सभी भक्तों ने झूम झूम कर नृत्य किया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, राजकरण वर्मा, महेंद्र सिंह ठाकुर, जेपी राठौर, बहादुर सिंह शिंदोल, दिलीप सिंह सिसोदिया, दीपक मोदी, अमन राठौर, अमित पाल्हाल खोरी, विजेंद्र सिंह पंचाखेड़ी, प्रहलाद सिंह धनगर, करण सिंह भगत जी, जी सान सिंह, देवकरण सिंह पांचाल, चौरसल उमठ, गौरव मालवीय अमन राठौर, कृष्ण यादव, सलाम मालवीय, उमेश कुशवाहा, हिम्मत सिंह हरनावदा, उमेश श्रीवास्तव, राजाराम परमार सहित बड़ी संख्या में भक्तजन पधारे

बायरल बुखार के नियंत्रण के लिए समयिक सलाह

डीआर संवाददाता» सीहोर

जिले में संभावित रोग मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया के प्रभावी नियंत्रण के लिए अपने आस-पास संपूर्ण स्वच्छ-सफाई की व्यवस्था के उपाय किये जाएं। मच्छरों की संख्या में वृद्धि होने से मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया और वायरल बुखार जैसे रोगों के फैलने की संभावना होती है इन रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए निर्देश जारी किये गये है।

आमजन अपने परिसर के आस-पास पानी एकत्रित होने वाली सभी अनुपयोगी वस्तुएँ जैसे टीन के डब्बे, कॉच, प्लास्टिक की बोतल, नारियल के खोल, पुराने टायर, इत्यादि का विनिष्टिकरण। कहीं पर पानी एकत्रित है तो उसकी तत्काल निकासी की व्यवस्था की जाए। पानी की निकासी संभव न हो वहां मिट्टी का तेल, या जले हुए ऑयल का छिड़काव किया जाए। निस्तारित पानी संग्रहित करने वाले टंकी, बालटी, टब, आदि सभी को ढक कर रखना। मच्छर रोधी क्वाइल या लिक्विड अथवा इलेक्ट्रिक रैकेट का इस्तेमाल किया जाने तथा खिड़की दरवाजों पर मच्छर रोधी जाली लगवाना। मच्छरों के बचने के लिए प्रतिबंधात्मक उपाय किए जाए।

डीआर विदिशा

गंजबासौदा, कुरवाई, सिरोंज, लटेरी, नटेरन, शमशाबाद, ग्यारसपुर, गुलाबगंज, पठारी, सेउ | पौषकृष्ण पक्षा 08 2082 | विदिशा, दिन शुक्रवार ,दिनांक 12 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

खाटू श्याम मंदिर में सातवां वार्षिक महोत्सव आज

विदिशा। श्री श्याम मंदिर, खाटू श्याम पैदाइशी नगर का सातवां वार्षिक महोत्सव 12 दिसंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगा। शुक्रवार को पहले दिन सुबह 8.30 बजे श्री गणेश पूजन, अभिषेक एवं श्री श्यामबाबा की सवामणी प्रसाद का वितरण किया जाएगा।

धर्म सभा और भागवत ध्वज वाहन यात्रा कल

विदिशा। 14 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भागवतजी में विहिप और बजरंग दल त्रिशूल दीक्षा और भगवा वाहन रैली का आयोजन होगा। कार्यक्रम में श्रीश्री 1008 महंत रामनारायण दास महाराज मौजूद रहेंगे। मुख्य वक्ता विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र पवार होंगे। जानकारी विहिप के जिला मंत्री सत्यकुमार मीणा ने दी।

नशा मुक्ति व नियंत्रण पर दिखना चाहिए प्रगति

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में नशा मुक्ति एवं नशा नियंत्रण उपायों संबंधी महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन गुरुवार को किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति गतिविधियों की प्रगति जिले के प्रत्येक क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देनी चाहिए।

भजन, कीर्तन के साथ मनाया ओशो का जन्मदिन

विदिशा। अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु आचार्य रजनीश ओशो का 94वां जन्मदिवस ओशो प्रेमियों ने भजन, कीर्तन, ध्यान और प्रवचन के साथ मनाया। आयोजन उदयगिरि रोड स्थित डायनामिक सक्रिय ध्यान शिविर में हुआ।

सरकारी गोशाला चलाएंगे ट्रांसजेंडर, कलेक्टर ने दी मंजूरी

विदिशा। बेतवा सभागार में गुरुवार को ट्रांसजेंडर की जिला स्तरीय समिति की बैठक हुई। यह बैठक उपाधिकारी अधिनियम के तहत रखी गई थी। बैठक में ट्रांसजेंडर ने कलेक्टर अंशुल गुप्ता से एक सरकारी गोशाला के संचालन की अनुमति मांगी। उन्होंने कहा कि वे गोसेवा करना चाहते हैं। इस पर कलेक्टर ने सहमति दे दी। बैठक में ट्रांसजेंडर की ओर से सलना नायक ने बात रखी। जिले में करीब 22 ट्रांसजेंडर हैं। बैठक में जनसे अधिकारों की रक्षा, कल्याण और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने पर चर्चा हुई। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने कहा कि किसी भी आयोजन या कार्यक्रम में बंदर से आने वाले ट्रांसजेंडर की जानकारी पुलिस को दें।

शौर्य दिवस पर बजरंग दल ने निकाली वाहन रैली

कुरवाई। गुरुवार को विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा मुरलीधर मंदिर से वाहन रैली निकाली गई। रैली गंज मार्केट होते हुए आश्रम मोहल्ला बीना सिरहा, मालीपुरा होते हुए वापस मुरलीधर मंदिर पहुंची, जहां रैली का समापन हुआ। इस अवसर पर कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे वाहन रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रांत गोसेवा प्रमुख नीलेश अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। कार्यक्रम में विभाग संयोजक सचिन यादव, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला सह संयोजक मंजीत तिवारी समेत प्रखंड संयोजक, नगर एवं ग्राम के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक ने किया भ्रमण

विदिशा। एसआईआर मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान के अंतिम दिन गुरुवार को विधायक मुकेश टंडन ने वार्ड 26 में घर-घर पहुंचकर मतदाताओं को फार्म जमा करने के प्रति जागरूक किया।

नशामुक्ती: जिले को नशामुक्त बनाने कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई महत्वपूर्ण बैठक

अब नशे के खिलाफ सख्त हुआ प्रशासन हॉटस्पॉट चिन्हित, लगाई जाएगी लगाम

स्कूल-कॉलेजों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित क्षेत्र चिन्हांकित कर सघन अभियान शुरू

विदिशा। बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को जिले में नशा मुक्ति एवं नशा नियंत्रण उपायों पर केंद्रित एक महत्वपूर्ण बैठक ली। जिसमें नशे के प्रसार पर नियंत्रण, जन जागरूकता को प्रभावी बनाने तथा विभागीय जवाबदेही तय करने पर चर्चा हुई।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि नशा मुक्ति की गतिविधियों का प्रभाव जिले के हर क्षेत्र में नजर आना चाहिए। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की निर्धारित सीमा के भीतर किसी भी प्रकार का नशीला पदार्थ बेचना सख्त रूप से प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने पुलिस और प्रशासन को ऐसे स्थानों पर कड़ी निगरानी रखते हुए दोषियों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षण संस्थानों में नशा मुक्ति क्लब गठित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई। ये क्लब छात्रों में जागरूकता, परामर्श और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने का काम करेंगे। नशे के दुष्परिणाम बताने के लिए जागरूकता सप्ताह आयोजित की जा रही है, जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा समुदायमिलन्वयक केंद्रों पर परामर्श सेवाएं, डी-एडिक्शन पुस्तिका दी जाकर लोगों को रखी जाएगी। नशा मुक्ति अभियान को व्यापक रूप देने के लिए विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान, सामाजिक संगठन और पंचायतें सक्रिय रूप से जुड़ रही हैं।

नशे के अवैध व्यापार पर पुलिस करेगी सख्त कार्रवाई

बैठक में पुलिस अधीक्षक काशवानी ने बताया कि जिले में नशा व्यापार एवं सेवन पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

उन्होंने कहा कि संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। नशा विक्रय से जुड़े व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई तेज की गई है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए समाज एवं शिक्षकों का सहयोग बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कार्यशैली में कहा कि नशा करोड़ों मुकाबला नशा मुक्ति शपथ, रैली और पोस्टर स्लोगन प्रतियोगिता, गायन एवं नाटक

प्रस्तुति पत्रकार सह, छात्रों को नशे के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और कानूनी दुष्परिणाम समझाए जा रहे हैं। पुलिस द्वारा तुला पुलिस को दे, चटकार रोमांचित रखी जाएगी। नशा मुक्ति अभियान को व्यापक रूप देने के लिए विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान, सामाजिक संगठन और पंचायतें सक्रिय रूप से जुड़ रही हैं।

कलेक्टर ने कहा नशा मुक्ति केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जनआंदोलन है।

जिले भर में कार्रवाई की रणनीति तैयार की

बैठक में जिले के प्रमुख नशा हॉटस्पॉट क्षेत्रों का चिन्हांकन किया गया। इन क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता से सख्त निगरानी, नियमित अभियान, संदिग्ध संचार और सख्त निर्देशन करने की रणनीति तय की गई। कलेक्टर ने कहा कि नशा मुक्ति केवल प्रशासनिक प्रयास नहीं बल्कि एक सामूहिक जनआंदोलन है, जिसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी आवश्यक है। सभी विभागों को नियमित मूल्यांकन कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

ही वह शक्ति है जो आने वाली पीढ़ी को नशे की गिरफ्त से बचा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।

30 हजार की रिश्वत लेते लटेरी जनपद के उपयंत्री को लोकायुक्त भोपाल ने पकड़ा

डीआर संवाददाता ▪▪ गंजबासौदा

लटेरी जनपद के उपयंत्री रामगोपाल यादव को लोकायुक्त भोपाल की टीम ने 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा। कार्रवाई ग्रीन सिटी कॉलोनी में हुई। उपयंत्री ने यह रकम निर्माण ग्राम पंचायत सचिव जन्डैयालाल शर्मा और लाखन लोधी से ले रहे थे।

सीईओ उदय प्रताप सिंह ने बताया, सचिव जन्डैयालाल शर्मा पहले सिलहौनी के एक मामले में निलंबित हो चुके हैं। वर्तमान में ग्राम पंचायत धीरगढ़ की सीसी सड़क निर्माण की जांच चल रही थी। जांच के लिए एसडीएम ने तीन सदस्यीय समिति बनाई थी। इसमें नायब तहसीलदार, जनपद सीईओ और उपयंत्री रामगोपाल शामिल थे।

सचिव जन्डैयालाल के अनुसार, सड़क निर्माण की जांच को क्लियर करने के लिए उपयंत्री ने 40 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी।

सौदा 30 हजार में तय हुआ। दबाव में आकर सचिव ने लोकायुक्त से शिकायत कर दी। योजना के तहत उपयंत्री ने सचिव को अपने ग्रीन सिटी स्थित घर बुलाया। जैसे ही उन्होंने नोटों की गड्डी हाथ में ली, लोकायुक्त टीम ने घेरा डाल दिया। रामगोपाल यादव पर पहले भी रिश्वतखोरी के आरोप लग चुके हैं। गंजबासौदा जनपद में पदस्थ रहते समय कई सरपंच और सचिव उनके खिलाफ शिकायत कर चुके हैं। इन्हीं शिकायतों के चलते उनका तबादला लटेरी किया गया था। लोकायुक्त की इस कार्रवाई से जनपद में हड़कंप मच गया है।

30 से 35 साल पुराने वाहनों से पटा है कोतवाली, 168 वाहनों की नीलामी कल

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

शहर का कोतवाली थाना जब्त वाहनों से भरा पड़ा है। यहां 30 से 35 साल पुराने दोपहिया वाहनों का डिस्पोजल नहीं किया गया था। अब सड़े हुए कल को किया जा रहा है। इसके लिए प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

13 दिसंबर को इन वाहनों की नीलामी की जाएगी। वाहनों की नीलामी के बाद कोतवाली थाने का बड़ा हिस्सा खाली हो जाएगा। जो दूसरे जरूरी काम आ सकेगा।

डिस्पोजल की होती है बड़ी प्रक्रिया कोतवाली थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह बौहान से जब्त वाहनों के डिस्पोजल के लिए लंबी प्रक्रिया है। इंजन और चेसिस नंबर उपलब्ध कराकर आरटीओ के माध्यम से वाहनों की जानकारी एकत्रित की गई। फिर वाहनों की नीलामी की जाएगी। वाहनों की नीलामी के बाद कोतवाली थाने का बड़ा हिस्सा खाली हो जाएगा। जो दूसरे जरूरी काम आ सकेगा।

डिस्पोजल की होती है बड़ी प्रक्रिया कोतवाली थाना प्रभारी जितेन्द्र सिंह बौहान से जब्त वाहनों के डिस्पोजल के लिए लंबी प्रक्रिया है। इंजन और चेसिस नंबर उपलब्ध कराकर आरटीओ के माध्यम से वाहनों की जानकारी एकत्रित की गई। फिर वाहनों की नीलामी की जाएगी। वाहनों की नीलामी के बाद कोतवाली थाने का बड़ा हिस्सा खाली हो जाएगा। जो दूसरे जरूरी काम आ सकेगा।

पीडब्ल्यूडी इंजीनियर के माध्यम से सीमांकन तय की गई। फिर एसडीएम इन वाहनों के लिए उद्घोषणा की जारी की गई। इससे वाहन मालिकों तक इसकी जानकारी पहुंच जाए। इसके बाद नीलामी हो पाती है।

तस्कर दंपती का दावारू 9 महीने की बच्ची गोद ली थी, सच सामने लाने होगा डीएनए

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

मानव तस्करी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एक दिन पहले पकड़े गए गिरोह के चार आरोपियों में से अर्जुन अर्जुन पाल और उसकी पत्नी हरिबाई को कोर्ट से 5 दिन का पुलिस रिमांड मिला है। पूछताछ में कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है। पुलिस ने डेल्पुर स्थित आरोपी के घर से 9 महीने की एक झुनुरी बच्ची को बरामद किया है।

बच्ची को बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है।

आरोपी ने दावा किया कि बच्ची को 8 महीने की उम्र में गोद लिया था। पुलिस अब इस दावे की जांच कर रही है। बच्ची के बताए गए परिजनों का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा। इससे यह साफ होगा कि बच्ची का डीए डीएनए उन लोगों से मेल खाता है या नहीं। एसपी रोहित काशवानी ने बताया कि एक दिन पहले बरामद किए गए चार बच्चों के परिजनों की पहचान के लिए डीएनए टेस्ट की अनुमति मिल गई है। 9 महीने की बच्ची का टेस्ट भी अनुमति मिलने के बाद कराया जाएगा।

छोटे बच्चों को ही निशाना बनाते थे, पकड़े न जाएं

जांच में सामने आया है कि आरोपी छोटे बच्चों को ही निशाना बनाते थे। ताकि पकड़े जाने की संभावना कम रहे। एक दिन पहले पहले पुलिस ने गिरोह के एक लड़का और तीन लड़कियों को बरामद किया था। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर इन बच्चों को बाल गृह भेजा गया है। समिति के अध्यक्ष सत्यबाबु प्रजापति ने बताया कि बच्चों की हालत सामान्य होने के बाद उनकी काउंसलिंग की जाएगी।

बीना-भोपाल रेलखंड पर ट्रेनों में कोच की कटौती करने से यात्रियों की मुश्किलें बढ़ीं

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा



बीना-भोपाल रेलखंड पर लगातार हो रही कोच कटौती और परिचालन बदलावों को लेकर यात्रियों की गंभीर असुविधाएं बढ़ती जा रही हैं। इस समस्या को लेकर रेल उपभोक्ता संरक्षण समिति धस्मिन मार्ग रेलवे के सदस्य उमाशंकर शेन ने केंद्रीय कृषि मंत्री एवं विदिशा सांसद शिवराज सिंह चौहान से शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। शेन ने बताया कि महत्वपूर्ण रेलखंड बोना-भोपाल एक्सप्रेस में कोचों की संख्या 12 से घटाकर 8 किए जाने से यात्रियों को भारी भीड़, लंबी दूरी तक खड़े रहकर यात्रा और सुरक्षा जोखिम का सामना करना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि यह समस्या केवल मेमू ट्रेनों तक सीमित नहीं है। बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस में भी कोच कम किए गए हैं जबकि भोपाल-नई दिल्ली एक्सप्रेस में कोच वृद्धि की मांग लंबित है। शेन ने आरोप लगाया कि इन महत्वपूर्ण रेलखंड को गर्त से प्रयोगों का केंद्र बना दिया गया है। कभी कोच कटौती, कभी समय परिवर्तन और कभी आकस्मिक परिचालन बदलाव, इन सबका सबसे अधिक असर रोजाना यात्रा करने वाले विद्यार्थियों, कर्मचारियों और आम यात्रियों पर पड़ रहा है। इस संबंध में उन्होंने भोपाल सांसद आलोक शर्मा, खजुराहो सांसद वीरेन्द्र कुमार, महित क्षेत्रीय विधायकों से भी चर्चा कर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

किसानों का चक्का जाम कर जताया विरोध प्रशासन की समझाइश पर माने

डीआर संवाददाता ▪▪ गंजबासौदा



गुरुवार दोपहर नवीन कृषि उपज मंडी के सामने दो वाहन मार्ग पर किसानों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली रोककर चक्का जाम कर दिया। किसानों का कहना था कि वे धान की उपज नीलामी के लिए मंडी में लाए थे। एक ट्रॉली धान की कीमत 3150 रुपए प्रति क्विंटल तय हुई, जबकि दूसरी ट्रॉली के लिए 2730 रुपए प्रति क्विंटल का भाव मिला। धान की फसल के अलग-अलग भाव मिलने से किसान आक्रोशित हो गए। किसानों ने जब इस संबंध में व्यापारियों से बात की, तो व्यापारियों ने फसल में अंतर होने की बात कही। हालांकि, किसान इस बात से सहमत नहीं हुए और उन्होंने मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना जाम की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर आए। एसडीएम सतीश विहारीलाल, तहसीलदार अरविंद यादव और शहर थाना निरीक्षक राजेश केदिया मौके पर पहुंचे और किसानों को समझाने का प्रयास किया।

प्रशासनिक अधिकारियों ने व्यापारी और किसानों से चर्चा की। जिस धान की फसल के भाव कम मिले थे, उसकी जांच करने की बात कही गई। इस संबंध में एसडीएम का कहना है कि किसानों और व्यापारियों से चर्चा की गई थी।

सांसद खेल महोत्सव क्रिकेटमैदान पर मंडल स्तरीय क्रिकेटप्रतियोगित

विधान सभा के पांच मंडलों की टीमों ने प्रतियोगिता में दिखाया दम

डीआर संवाददाता ▪▪ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव 2025 के तहत एसएटीआई कॉलेज के क्रिकेट मैदान पर मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया।

विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा नगर एवं ढोलखेड़ी मंडलों सहित कुल ग्रामीण मंडलों की टीमों ने सहभागिता दर्ज कराते हुए उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं बल्लेबाजी कर किया। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेलों के माध्यम से अनुशासन, स्वास्थ्य एवं टीम भावना को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह राकत ने बताया कि प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग की कुल 8 टीमों ने भाग लिया। दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों में पटला मैच पुलिस लाइन और बटी नगर के बीच खेला गया, जिसमें पुलिस लाइन ने जीत दर्ज की। दूसरा मुकाबला छीरखेड़ा और गुवरिया के बीच हुआ, जिसमें छीरखेड़ा विजयी रही। तीसरे मैच में जामखेड़ी ने इमलिया को हराया। वहीं चौथे मैच में भी जामखेड़ी ने छीरखेड़ा को पराजित कर बढ़त बनाई। इस अवसर पर भाजपा नेता श्यामसुंदर शर्मा, छत्रपाल शर्मा, मैस नगर मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह, बेजनगी मंडल अध्यक्ष प्रशांत खत्री, दुर्गानगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, ढोलखेड़ी मंडल अध्यक्ष अंकित दुबे तथा अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

गंजबासौदा के एसजीएस कॉलेज में एनएसयूआई की नई कार्यकारिणी गठितरूसाक्षी दांगी बनी अध्यक्ष,

डीआर संवाददाता ▪▪ गंजबासौदा

गंजबासौदा में गुरुवार को संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय (एसजीएस कॉलेज) में एनएसयूआई की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने इस नई समिति की घोषणा की, जिसका मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय की समस्याओं का निराकरण करना है।

इस नई कार्यकारिणी में साक्षी दांगी को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनिकेत राजपूत और सूरज कुशवाह को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि संजय रघुवंशी महासचिव बनी हैं। खुशी दिवाकर और अंशुल कुशवाह को सचिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

इस अवसर पर एनएसयूआई जिला अध्यक्ष पार्थ रघुवंशी ने कहा कि यह नई कार्यकारिणी संगठन को नई ऊर्जा देगी तक ले जाएगी। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों से छात्रों के हित में लगातार कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान राजवर्धन राजपूत, यश बालोदिया, अनय राजपूत, निखिल और श्रेयका सहित कई सदस्य मौजूद थे।

डीआर राजगढ़

नरसिंगढ़, ब्यावरा, कुरावर, करनवास, सारंगपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, तलेन

पौषकृष्ण पक्ष 08 2082 राजगढ, दिन शुक्रवार,दिनांक 12 दिसंबर 2025

न्यूज गैलरी

घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, मामला दर्ज घर

ब्यावरा। मलावर थानान्तर्गत लोधीपुरा गांव में दो बदमाशों ने एक घर में घुसकर महिला के साथ अश्लील छेड़छाड़ की है। हालांकि जैसे ही महिला ने शोर मचाया तो बदमाश भाग गए। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। लोधीपुरा निवासी 24 वर्षीय महिला के परिजन किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। महिला घर में अकेली थी। इसी दौरान लोधीपुरा गांव का गोलू पिता मानसिंह लववंशी एवं लखनवास का जगदीश उसके दोस्तों को अंदर देखा तो तुरंत बाहर जाने के लिए कहा। शिकायत पर मलावर थाना पुलिस ने छेड़छाड़ का मामला दर्ज कर लिया है।

एसआईआर में लापरवाही पर शिक्षक निलंबित

राजगढ़। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान गणना पत्रक वितरण एवं डिजिटलाइजेशन कार्य में लापरवाही बरतने पर प्राथमिक विद्यालय खाजती के प्राथमिक शिक्षक रामकैलाश दांगी को निलंबित किया गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रताप सिंह चौहान ने बताया कि यह कार्रवाई कलेक्टर डॉ. नितिश कुमार सिन्हा द्वारा अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजगढ़ के प्रतिवेदन के आधार पर की गई है। शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

छापीहेड़ा बस स्टैंड विवाद में 7 आरोपी गिरफ्तार

राजगढ़। कुरावर थाना छापीहेड़ा बस स्टैंड पर हुई हिंसक घटना में शामिल सात आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जीतमल पुत्र किशनावतार दांगी अपनी नई स्कॉर्पियो गाड़ी से बस स्टैंड पर आए थे। विवाद में लाठी-डंडे, तलवारें चलीं। 8 लोग घायल हुए। पुलिस की इस दबिश के दौरान 340 लीटर कच्ची शराब, लाठी-डंडे और तीन तलवारें बरामद हुईं। गिरफ्तार आरोपियों में रोहित, दीपू, सत्यराज, निर्मल, बंटू, कमल और बालकिशन शामिल हैं। सभी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया। प्रकरण में दर्ज किए गए।

पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने वाला पति दोषी, 5 साल की सजा

राजगढ़। जिला एवं सत्र न्यायालय ने दो वर्ष पुराने आत्महत्या प्रकरण में फैसला सुनाते हुए आरोपी पति राजेश पिता रामेश्वर दांगी निवासी नयागांव खुशालपुरा को पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी करार दिया है। न्यायाधीश राजीव एन. आप्टे ने आरोपी को पांच वर्ष के सश्रम कारावास के साथ अर्थदंड की सजा सुनाई। यह फैसला लोक अभियोजक विजय सिंह गिरवाडिया द्वारा प्रस्तुत मजबूत साक्ष्यों और दलीलों के आधार पर सुनाया गया।

दुकान के सामने रखी बाइक की चोरी की घटना कैमरा में कैद

लखनवास। मलावर थाना अंतर्गत पुलिस चौकी लखनवास क्षेत्र में बाइक चोरी की घटना से लोगों में आक्रोश है। पवन सोनी की दुकान के सामने खड़ी बाइक अज्ञात चोर उठा ले गए। बैरसिया तहसील के थाना नरसिंहगढ़ निवासी सुरजित गुर्जर की यह बाइक चोरी हुई है। पूरी वारदात दुकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में साफ दिखाई दे रही है, जिसके बाद भी पुलिस की धीमी कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में नाराजगी बढ़ रही है।

कलेक्टोरेट में जबरन घुसने का प्रयास कर रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

गोवंश को बचाने सड़क पर उतरी कांग्रेस, किया कलेक्ट्रेट का घेराव

प्रदर्शन के पूर्व आयोजित सभा में भाजपा सरकार पर जमकर बरसे

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले सहित प्रदेश की सड़कों, राजमार्गों सहित चारों-चारों लावारिस हालत में घूम रहे गोवंश की दुर्दशा पर शुक्रवार को युवक कांग्रेस के नेतृत्व में मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन प्रदर्शन किया गया। इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस के कई प्रदेश पदाधिकारी सहित जिले के वरिष्ठ कांग्रेसी और युवा कांग्रेस के पदाधिकारी सदस्य मौजूद रहे।

स्थानीय खिलचीपुर नाका स्थित पार्क में करीब 3 घंटे तक चली सभा के उपरांत शाम करीब 4.30 बजे सैकड़ों कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टोरेट में पहले से भारी संख्या में मौजूद पुलिस बल ने कलेक्टोरेट परिसर में प्रवेश दाखिल होने से रोक लिया। कलेक्टोरेट के मेन गेट पर काफी समय तक चले प्रदर्शन, नारेबाजी और बलवामुक्की के बाद अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान को युवा कांग्रेस पदाधिकारियों ने ज्ञापन के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रदेश भर में लावारिस हाल में घूम रहे गोवंश को बचाने का शासन से हस्तक्षेप करते हुए चुनाव के समय किए गए वादों को पूरा करने की मांग रखी गई।

तीन घंटे तक चली सभा में जमकर बरसे इंकाई

युवक कांग्रेस के नेतृत्व में हुए इस आंदोलन के दौरान युवक कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार, पूर्व कॉर्पोरेटर मंजी जयवर्धन सिंह, युवक प्रदेश प्रभारी चौहान, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह खिची, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष अमन करोरा, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह खिंचिया सहित पूर्व विधायक हेमराज कलमोरी, बाबूसिंह तंवर सहित कई हस्तियों ने सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश की भाजपा सरकार को जमकर आड़े हाथों लिया।

सभा को संबोधित करते हुए युवा प्रदेशाध्यक्ष घनश्यामराज ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार 15 महीने की सरकार में हमने गोवंश के लिए 350 से अधिक गोशालों का निर्माण किया लेकिन उसके बाद आज तक एक भी नई गोशाला नहीं बनी है। युवा प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक परमार ने कहा कि आज तो गोवंश को बचाने के यदि आरपार की लड़ाई भी हमें प्रदेशव्यापी आंदोलन आगामी दिनों में करेंगे।

20 साल में भाजपा ने नहीं बनवाई एक भी गोशाला

पूर्व कार्पोरेटर एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष विष्णु सिंह ने कहा कि प्रदेश की राजधानी पर हमारी गोवंश निर्बलित घूम रहे हैं। पिछले 20 सालों की भाजपा सरकार ने इन गोवंश की सुध नहीं ली और आज तक एक गोशाला नहीं खुलवाई। भाजपा विर्ष गोभक्त के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते हैं।

भाजपा सरकार में खुल रहे कई बूचड़खाने

अन्य नेताओं ने कहा कि भाजपा के लोग गोभक्त को आवारा पशु बोलते हैं। एक तरफ वे गोवंश को मृत्यु दर्जा देते हैं वहीं दूसरे और सालों गोवंश निर्बलित छोड़ रखे हैं। जिन अध्यक्ष चंदर खिंचिया ने कहा कि गत माह और गोवंश के लिए हमारी कांग्रेस सरकार में ही गोवंशकर्ण कोई नहीं किया गया। गाय का माता कहने वाले भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा बूचड़खाने खोले जा रहे हैं।

पीलूखोड़ी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

राजगढ़ जिले के पीलूखेड़ी औद्योगिक क्षेत्र स्थित मोलसाल कुलन लिमिटेड के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला स्तरीय उद्योग संवर्धन बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर नितीश कुमार सिन्हा ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में उद्योगों के विकास, आधारभूत सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। उद्योगपतियों ने श्रमिकों के लिए डिस्पेंसरी-सीयूएम-आंख ऑफिस स्थापित करने की मांग की।

उन्होंने मजदूरों को तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर बल दिया। कलेक्टर ने इसे महत्वपूर्ण मानते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।। उन्होंने जीएम डीआईसी को उद्योगों की बिजली शिकायतों के त्वरित समाधान के आदेश भी दिए।

कलेक्टर ने एचपीएसआईडीसी से औद्योगिक क्षेत्र की अव्युपयुक्त और अनलोटेड भूमि की विस्तृत जानकारी तत्काल प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने आवंटित जमीन पर अतिक्रमण रोकने के लिए संयुक्त टीम द्वारा निरीक्षण के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त, रेलवे निर्माण कार्य कर रही राइट बंगट्रक्शन कंपनी द्वारा मार्ग पर पर्याप्त बिजली व्यवस्था न करने पर सबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के आदेश दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए कई सुझाव दिए। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में तैनात सुरक्षा कर्मियों का एक सक्रिय व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का प्रस्ताव रखा, ताकि आपात स्थिति में पुलिस तुरंत सहायता उपलब्ध करा सके।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ इंकिता गढ़पाले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

ढाबों पर आबकारी विभाग की दबिश, खुले अहातेश चलाने पर 6 केस दर्ज

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

प्रदेश सरकार ने शराब के अहातों पर प्रतिबंध लगा रखा है, वहीं दूसरी ओर राजगढ़ जिले में ढाबों और होटलों के संचालक खुलेआम इस नीति को ठेंगा दिखा रहे हैं।

कलेक्टर डॉ नितीश कुमार सिन्हा के निर्देश पर आबकारी विभाग ने जिले में ऐसी जगहों पर कार्रवाई की। कार्रवाई से साबित हो गया कि जिले व शहर के ढाबा संचालक बेखौफ होकर खुले अहातों की तरह संचालित किए जा रहे हैं। जिला आबकारी अधिकारी नितेश लाल ने बताया कि राजगढ़ शहर के प्रकाश ढाबा और शिवाय रेस्टोरेंट में अचानक दबिश दी गई। कार्रवाई की भनक लगते ही ढाबों पर शराब पी रहे ग्राहकों के बीच भगदड़ मच गई और कई लोग आबकारी पुलिस से बचने के लिए दौड़ लगाकर भाग निकले। वहां बैठकर बीयर किसी भव के ऑर्डर पर शराब पिलाई जा रही थी। विभाग ने ढाबा संचालकों के **खिलाफ 6 आपराधिक प्रकरण दर्ज किए हैं।**

शहर के अलावा, राजगढ़ दूध प्रभारी सहायक जिला आबकारी अधिकारी सौरेन्द्र शर्मा की टीम ने ग्रामीण क्षेत्रों में भी अभियान चलाया। कडिया, दुबली, कुरिया और देवरीकलां जैसे इलाकों में अवैध शराब बनाने, रखने और बेचने के मामलों में 5 और मुकदमे दर्ज किए गए। इस पूरी कार्रवाई में कुल 73 पाव देशी प्लेन बरिया, 40 पाव देशी मसिह मसाला, 36 लेन बीयर और 8 लीटर अवैध शराब बड़ी मात्रा शराब जब्त की गई है। कार्रवाई में पूरा सायपुर प्रभारी नीरज कनवर्ते, खिलचीपुर प्रभारी चौहान, मुख्य आरक्षक मोहन की टीम भी शामिल थी।

3 लोगों पर बलवे सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज मामूली बात पर हुई थी पत्थरबाजी, तोड़फोड़

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

राजगढ़-छापीहेड़ा। जिले के छापीहेड़ा कस्बे में कांकरिया जोड़ बस स्टैंड पर शुक्रवार रात्रि मामूली बात पर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों पर हमला करते हुए न केवल पत्थरबाजी की बल्कि वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को भी अंजाम दिया था।

घटना के बाद हालात काफी तनावपूर्ण हो गए और जिले के विभिन्न थानों से बल बिजवाते हुए स्थिति को नियंत्रण में लिया गया था।

इस मामले में छापीहेड़ा पुलिस ने एक पक्ष के 14 लोगों पर बलवा समेत अन्य सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने फरियादी जीतमल पिता किशनावतार दांगी निवासी नाटाखेड़ा की रिपोर्ट पर वासू पिता रामनिवास झंझावत, गोविंद पिता रमेश झंझावत, दीपक झंझावत, रोहन पिता गुलाब झंझावत, सोहन पिता गुलाब सिंह झंझावत, रोनी झंझावत, दीपू पटेल, मसराम कंजर, निर्मल पिता वंकट कंजर, बालकिशन कंजर, बाबू पिता निर्मल कंजर, नेमसिंह कंजर एवं कमल पिता मोहन कंजर सहित अन्य पर बीएनएस की धारा 296 (बी), 115(2), 351(3), 190, 191(3), 324(5) के तहत अपराध कायम किया है।

नगर में निकाली भव्य कलश यात्रा, शुरु हुआ 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ

डीआर संवाददाता ▶▶ राजगढ़

शहर के गायत्री प्रज्ञा भवन परिसर में मां गायत्री की प्राण-प्रतिष्ठा और 24 कुंडीय महायज्ञ आयोजन की शुरुआत नगर में शुक्रवार दोपहर में निकली भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ हो गई। दोपहर करीब 3 बजे प्रज्ञा भवन से शुरू कलश शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। जिसमें बड़ी संख्या में संख्या में शामिल महिलाओं का नगरवासियों ने कई स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया।

कलश यात्रा में शामिल अधिकांश महिलाओं ने परंपरागत रूप से पीले वस्त्र पहन रखे थे, एक हाथ में सिर पर कलश लेकर निकली महिलाओं और शोभायात्रा में बनाई गई पालकी धार्मिक झांकियों से नगर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। नगर के प्रमुख मार्गों से होकर कलश यात्रा का समापन पुराना गांधी चौक में हुआ। वहां हवनकुंड बनाए गए थे। दिनभर धार्मिक आयोजन की शुरुआत हो गई।

सीएमओ ने मोहल्ले, वार्ड का किया निरीक्षण

डीआर संवाददाता ▶▶ जीरापुर

आगामी स्वास्थ्य अभियान 2026 की तैयारियों को लेकर नगर में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेने हेतु सीएमओ डॉ. ओम शर्मा ने अपनी टीम के साथ प्रमुख गलियों, नालियों, वार्डों और मोहल्लों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए और संबंधित कर्मचारियों को समय पर कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिये। अभियान को सफल बनाने हेतु नगर परिषद द्वारा विशेष रणनीति पर कार्य किया जा रहा है। इस रीजनल सीएमओ सतीश शर्मा, परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश शाह, राजू, प्रवीण सिंह सुशांत सहित परिषद कर्मचारी समय में उपस्थित रहे।

महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाया बया

डीआर संवाददाता ▶▶ गुलसिया

नगर पीठा स्थल स्थित शासकीय महाविद्यालय की भूमि से अतिक्रमण हटाने की एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की गई है। राजस्व, पुलिस प्रशासन और नगर परिषद के अमले ने संयुक्त रूप से यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई उस भूमि पर की गई है, जिस पर पिछले कुछ समय से अतिक्रमण के चलते बाउंड्री वॉल बन चुकी एक नया था। गौरतलब है कि इस भूमि पर अतिक्रमण के विरोध में एक महिला ने जहर खा लिया था, जिसके बाद प्रशासन ने यह कार्रवाई करने पर निर्णय लिया। शासकीय महाविद्यालय की भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के लिए यह कार्रवाई की गई है

भूमि पूजन 1 करोड़ 51 लाख से होंगे निर्माण कार्य, 13 को होगा भूमिपूजन

मंत्री टेंटवाल की विधायक निधि से नगर में सड़क नाला, सामुदायिक भवन व अन्य निर्माण कराएंगे

डीआर संवाददाता ▶▶ सारंगपुर

नगर पालिका में पार्षदों के आपसी विवाद के चलते लंबे समय से नगर के विकास कार्य प्रभावित थे, लेकिन अब क्षेत्रीय विधायक एवं बालमंत्री गोपाल टेंटवाल की पहल से नगर को कई विकास राशि की स्वीकृति मिली है। विधायक निधि से करोड़ 51 लाख की राशि नगरीय निकाय सारंगपुर के लिए स्वीकृत की गई है, वहीं श्री राम मंदिर पंटिलाखेड़ी के लिए 14 लाख की अतिरिक्त राशि भी स्वीकृत कराई गई है।

यह जानकारी देते हुए पूर्व जिला पंचायत निर्मल जैन ने बताया कि स्वीकृत राशि से नगर के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाला, सामुदायिक भवन एवं अन्य निर्माण कार्य कराए जाएंगे। सभी कार्यों के टेंडर पूर्ण हो चुके हैं तथा एजेंसी तय कर ली गई है। बालमंत्री गोपाल टेंटवाल 13 दिसंबर को विधिवत भूमिपूजन कर कार्यों का शुभारंभ करेंगे।

स्वीकृत विकास कार्य इस प्रकार है

वार्ड 1 में सीमेंट सड़क निर्माण 11 लाख, वार्ड 2 में लुनुनान मंदिर के पास सामुदायिक भवन 10 लाख, वार्ड 6 में निर्माण 18 लाख, वार्ड 8 बलराम कॉलोनी में सीसी रोड 23 लाख वार्ड 9 में सामुदायिक भवन 18 लाख, वार्ड 10 भूरी का मैदान, मंदिर के पास सामुदायिक भवन 13 लाख, वार्ड 15 में फूलमाली छात्रा धर्मशाला की बाउंड्रीवाल 12 लाख, वार्ड 16 में सीसी रोड निर्माण 12 लाख, वार्ड 17 छाजेड़ में सीसी रोड निर्माण 12 लाख, वार्ड 18 खलाना में नाला निर्माण 16 लाख रही श्री जैन ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की राजनीति आड़े नहीं आने दी जाएगी और राशि को पूर्णतः स्वतंत्र नगर विकास में खर्च करना सुनिश्चित है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि 13 दिसंबर को जनपद पंचायत कार्यालय के लिए 5 करोड़ तथा विश्राम गृह के लिए 4.90 करोड़ के कार्यों का भी भूमिपूजन किया जाएगा।

नरसिंगढ़ में व्यवस्थाएं सुधारने सड़क पर उतरा नगर पालिका अमला ने सामग्री जब्त की कार्यवाही

डीआर संवाददाता ▶▶ नरसिंगढ़।

शहर की बिगड़ती व्यवस्थाओं से पटरी पर लाने शुक्रवार को प्रशासन, नगर और पुलिस का संयुक्त दल सड़कों पर उतरा। एक दिन पहले की गई मुनादी और चेतावनी का असर गुरुवार को साफ नजर आया।

बाजार से जहां हाल तेने गायब दिखे, वहीं दुकानों के सामने से अतिक्रमण भी हट गया। मुख्य मार्गों पर खड़े वाहनों को भी हटवाया गया। जिन स्थानों पर चेतावनी के बाद भी सामग्री पड़ी मिली, उसे नगर अमले ने जब्त किया।

कार्रवाई के दौरान एसडीएम कुशील कुमार, तहसीलदार विरेन्द्र अग्रवाल, सीएमओ अभिषेक जैन, टीआई शिवराज सिंह सहित राजस्व, नगर और पुलिस बल मौजूद रहा।

दोबारा अतिक्रमण किया तो होगी सख्त कार्रवाई

प्रशासन ने साफ चेतावनी दी है कि यदि दोबारा सड़कों पर अतिक्रमण किया गया या निर्धारित स्थानों से हटकर दुकान लगाई गई तो संबंधितों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि शहर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित निगरानी जारी रहेगी।